an>

Title: Need to provide water meters to the consumers under National Drinking Water Scheme in the country.

श्री धनंजय महाडीक (कोल्हापुर): महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। राष्ट्रीय पेयजल योजना के तहत देश के सभी गांवों में पानी की सुविधा दी जाती है। यह एक बहुत ही अच्छी योजना है। इस योजना के अंतर्गत छोटे से छोटे गांव, बस्ती तक पानी की टंकी और पाइप लाइन से पानी दिया जाता है। लेकिन इस योजना में एक खामी है या इसमें कुछ सुधार करने की जरूरत है। इसमें पानी का मीटर नहीं दिया जाता। अगर वाटर मीटर दिए जाएं तो इसमें बहुत सुधार हो सकता है। वाटर मीटर न होने की वजह से पानी का यूज बढ़ता है, बिजली का यूज बढ़ता है। नतीजा यह होता है कि ड्रेनेज और सीवरेज की परेशानी भी होती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि वाटर मीटर के लिए जैसे आप टंकी और पाइप लाइन के लिए करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, बजट में थोड़ा सा और प्रोविजन करके अगर वाटर मीटर दिए जाएं तो पानी की वेस्टेज कम हो सकती है, बिजली की बचत हो सकती है। मैं आपके माध्यम से यह सुझाव देना चाहता हूं। धन्यवाद।